घोटाला सीबीआई जबलपुर ने तत्कालीन उप डाकपाल, डाक सेवक पर दर्ज किया मामला

डाकघर में 30 लाख से अधिक का डाका

नवभारत, जबलपुर। सीबीआई जबलपुर ने सागर जिले के शाहगढ़ और राहतगढ़ उप-डाकघर में हुए 30 लाख रुपये से अधिक के वित्तीय घोटाले में उत्तर उपमंडल सागर के निरीक्षक (डाक) की शिकायत पर तत्कालीन उप डाकपाल मोहनलाल अहिरवार और ग्रामीण डाक सेवक मुकेश कुमार दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मोहनलाल अहिरवार ने शाहगढ़ में पदस्थापना के दौरान मुकेश कुमार दुबे के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर और दस्तावेजों के जरिए विभिन्न खातों से 19,34,500 रुपये की अवैध निकासी की। इसके अलावा, राहतगढ़ और शाहगढ़ के आरडी लॉट और अन्य खातों से 11,25,787 रुपये का अतिरिक्त गबन किया गया। कुल मिलाकर डाक विभाग को 30,60,287

रुपये की चपत लगाई गई है। फर्जीवाड़े का पता उस वक्त चला कि जब खाताधारक कृष्णा दुबे लुहरया बचत खाता की पासबुक लेकर उपडाक घर पहुंचे उन्होंने बताया कि दो लाख पचास हजार रूपए नगद राशि जमा की । पासबुक में मैनुअल जमा दर्ज है परंतु फिनेकल की रिपोर्ट में देखने पर राशि जमा नहीं की गई। इसी प्रकार खाता धारकर इंद्रा जैन के दो लाख पंद्रह हजार रूपए, द्रोपती बाई अहिरवार के 52000 रूपए अन्याया जैन के 35000 रूपए,रामेश्वार साहू के 98000 रूपए, हर्षिता गुप्ता के 25,000 रूपए, कमला बाई के 25000 रूपए, उमा रजक के एक लाख रूपए समेत अन्य खाता धारकों की राशि जमा नहीं की गई । जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि पता चला कि गबन उपडाकपाल मोहनलाल अहिरवार, मुकेश कुमार दुबे ग्रामीण डाक सेवक शाहगढ़ उपडाकघर द्वारा किया गया है।

दो अलग-अलग डाकघरों में गबन

जांच में यह भी सामने आया कि शाहगढ़ व राहतगढ़ उप-डाकघर में अपनी तैनाती के दौरान आरोपित द्वारा हेराफेरी की गई। राहतगढ में आरडी लॉट और अन्य खातों से 11,25,787 रुपये का अतिरिक्त गबन किया गया। कुल मिलाकर डाक विभाग को 30,60,287 रुपये की आर्थिक क्षति पहुँचाई गई।

मास्टरमाइंड हो चुका निलंबित

इस मामले में मुख्य आरोपी मोहनलाल अहिरवार तत्कालीन उप डाकपाल और मुकेश कुमार दुबे डाक सेवक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, धोखाधड़ी, षड्यंत्र, सरकारी पद का दुरुपयोग समेत विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही मुख्य आरोपी मोहनलाल अहिरवार को निलंबित किया जा चुका है।

जाली हस्ताक्षार किए, रकम खातों में नहीं चढ़ाई

खाताधारकों के निकासी फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फर्जीवाड़ा किया गया । जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने खाताधारकों के जाली हस्ताक्षर किए और जमा करने के लिए दी गई नकद राशि को खातों में चढ़ाने के बजाय खुद रख लिया। जांच पाया गया कि खाताधारकों द्वारा जमा करने के लिए दी गई नकदी को उनके खातों में जमा करने के बजाय खुद की जेब में डाल लिया गया था।

कई और हो सकते हैं बेनकाब

सूत्रों की माने तो सीबीआई ने मामले की जांच तेज कर दी है। इस पूरे घोटाले की परतें खुलना शुरू हो चुकी है । जांच का दायरा बढ़ने पर कई और बड़े नामों पर गाज गिर सकती है कई और चेहरे बेनकाब हो सकते है गबन की गई राशि में अन्य संलिप्त का भी पता लगाया जा रहा है।

रफ्तार का कहर, 3 की दर्दनाक मौत

ट्रैक्टरों ने व्यापारी, किशोर को रौंदा, कार बनी काल युवक ने गंवाई जान

नवभारत, जबलपुर। बेलगाम रफ्तार के कहर में दो युवकों समेत एक किशोर की जान ले ली ।पाटन थाना अंतर्गत बगदरी वाटरफाल मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में एक व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी घायल हो गया। भेड़ाघाट के ग्राम सहजपुर में एक बेकाबू ट्रैक्टर ने मासूम की जिंदगी छीन ली। कोतवाली थाना अंतर्गत शीतलपुरी बल्देवबाग में बीती रात सड़क पर कार से अनियंत्रित बाइक टकरा गई जिससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

रंग-गुलाल खरीद लौट रहे थे, मातम में बदली खुशियां

पाटन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेंदुखेड़ा जिला दमोह के साहू मोहल्ला निवासी सौरभ साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने साथी व्यापारी मनोज साहू (44) के साथ मोटरसाइकिल से रंग-गुलाल खरीदने पाटन आए थे। जब वे वापस लौट रहे थे, तभी बगदरी वाटरफाल मोड़ के पास स्थित ब्रेकर पर पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार दोनों सड़क किनारे जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर का पहिया मनोज साहू की गर्दन और पैर के ऊपर से गुजर गया। मनोज साहू की मौत हो गई। हादसे से पर्व की खुशियां मातम में बदल गई ।

इधर ट्रैक्टर ने ली बालक की जान

भेड़ाघाट के ग्राम सहजपुर में बेलगाम ट्रैक्टर ने विकास सोनी पिता ब्रजेश सोनी (14) निवासी बिलखरवा को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकास के सीने और पैरों में गंभीर चोटें आईं। हादसे में सोनी ठाकुर नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है। घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां विकास की मौत हो गई।

अनियंत्रित बाइक खड़ी कार से टकराई

कोतवाली पुलिस ने बताया कि शांति नगर गोहलपुर निवासी सत्येंद्र विश्वकर्मा (21) शनिवार रात करीब 12:10 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एक्सबी 3988 पर सवार होकर उखरी शताब्दीपुरम से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह श्रीराम भवन, शीतलपुरी के पास पहुँचा, वहां सड़क पर खड़ी कार क्रमांक एमपी 04 जीबी 7493 से उसकी बाइक पीछे से जोरदार तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सत्येंद्र के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। जिसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

जबलपुर के विधायक से लेकर पूर्व मंत्री लगा रहे जोर

प्रदेश में निगम मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला

होली के बाद निगम मंडलों में नियुक्त नेताओं की सूची होगी सार्वजनिक

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन के निगम मंडलों में शीघ्र ही पदाधिकारियों की नियुक्तियाँ होने जा रही हैं। खबर है कि ये नियुक्तियाँ होली के बाद हो जाएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम मंडलों में नियुक्त होने वाले नेताओं के नामों की सूची भी तैयार हो चुकी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल अपने स्तर पर सूची को अंतिम रूप भी दे चुके हैं। बस अब इस सूची को भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व से मंजूरी मिलने का

इंतजार है।

जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के नाम निगम मंडलों में नियुक्ति के लिए चर्चा में आ चुके हैं। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी , विधायक अभिलाष पांडे , भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद गोंटिया, पूर्व मंत्री शरद जैन, दीपांकर बैनर्जी ,ग्रामीण क्षेत्र के पूर्व विधायक नरेन्द्र त्रिपाठी का नाम शामिल है और ये निगम मंडल अध्यक्ष में नियुक्ति के लिए ऐड़ी चोटी का जोर भी लगा रहे हैं। विदित हो कि प्रदेश में निगम मंडलों में नियुक्तियों का मामला लंबे समय से लटकते जा रहा है। लेकिन ताजी खबर के मुताबिक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने निगम मंडलों के साथ ही शासकीय समितियों एवं नगरीय निकायो में एल्डरमैन की नियुक्ति आदि की दिशा में सूचियाँ तैयार कराने का काम भी करा लिया है।

क्षेत्रीय-जातीय संतुलन का रखा जा रहा ध्यान

राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो भाजपा निगम मंडलों में नियुक्ति के लिए सभी पक्षों को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जाएगा , इसमें क्षेत्रीय संतुलन तथा जातीय संतुलन का भी विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। भाजपा के ऐसे नेता जो कि विधानसभा के चुनाव में हार चुके हैं या फिर ऐसे नेता जिन्हें विधानसभा का चुनाव लडने् का मौका नहीं मिला है उन्हें भी निगम मंडलों में नियुक्तियाँ दी जा सकती हैं। 2028 में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं ,इन चुनावों को ध्यान में रखकर भी निगम मंडलों में नियुक्तियाँ की जाएंगी। वहीं प्रदेश के सभी जातीय वर्गों के लोगों को भी प्रतिनिधित्व मिले इस बात को भी नियुक्ति के पहले ध्यान में रखा गया है।

पड़ोसी निकला दरिंदा, मासूम से हैवानियत

नवभारत, जबलपुर। चरगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता उस वक्त शर्मसार हो गई जब एक 38 वर्षीय दरिंदे ने अपने ही पड़ोस में रहने वाली 9 साल की फूल जैसी मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। जानकारी के मुताबिक चरगवां थाना क्षेत्र स्थित गांव में रहने वाली 9 वर्षीय बालिका घर के पास ही स्थित एक किराना दुकान पर चॉकलेट और कुरकुरे लेने गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले परशु बर्मन (38) की नीयत बिगड़ गई और वे घात लगाए बैठ गया। पड़ोसी ने मासूमियत का फायदा उठाते हुए उसे बहला फुसला कर उसे अपने घर के भीतर खींच ले गया। जब काफी देर तक मासूम घर नहीं लौटी, तो बच्ची की मां चिंतित हो गई और उसे खोजने निकली।

अनहोनी की आशंका के बीच मां जब पड़ोसी परशु के घर पहुंची तो वहां का खौफनाक मंजर देख उसकी चीख निकल गई। पकड़े जाने के डर से दरिंदा परशु मौके से भाग निकला, लेकिन बच्ची की मां उसकी करतूत समझ गई। मासूम रोते बिलखते हुए आपबीती सुनाई। मां के पैरे तले जमीन खिस गई। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर दर्ज कर हैवान पड़ोसी को हिरासत में ले लिया है।

घोड़ी चढ़ने के पहले रेपिस्ट दूल्हा गिरफ्तार

पाटन थाना क्षेत्र में पुलिस ने शादी की खुशियों के बीच एक दूल्हे को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक युवती की अस्मत से खेलने के बाद दूसरी युवती से शादी करने घोड़ी चढ़ने वाला था। फेरे के पहले ही पुलिस ने उसे धरदबोचा।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पाटन क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव का ही आकाश गौड़ पिता प्रमोद कुमार गौड़ (25) ने उसे प्यार के जाल में फंसाया था। आरोपी पिछले दो वर्षों से उसे शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। युवती जब भी शादी की बात करती, आरोपी उसे जल्द ही शादी करने का झांसा देता रहा। पीड़िता के पैरों तले जमीन तब खिसक गई, जब उसे पता चला कि आकाश उसे धोखा देकर कहीं और शादी रचा रहा है। जब युवती ने आकाश पर शादी के लिए दबाव बनाया तो वे वादे से मुकर गया बल्कि शादी से साफ इंकार कर दिया और गुपचुप तरीके से दूसरी युवती से रिश्ता तय कर लिया। 1 मार्च को आरोपी की बारात निकलने वाली थी और घर में मांगलिक कार्यक्रम चल रहे थे। जब इसकी जानकारी युवती को लगी तो वे थाने पहुंच गई और पुलिस को आपबीती सुनाई । पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस की एक टीम ने शादी की तैयारियों के बीच ही आरोपी के घर दबिश दी और आकाश गौड़ को हिरासत में ले लिया।

559 वाहनों पर कार्रवाई कर वसूले 24 .21 लाख

संभागीय परिवहन सुरक्षा उड़नदस्ता की बड़ी कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन के परिवहन विभाग के निर्देशानुसार जबलपुर में संभागीय परिवहन सुरक्षा उड़नदस्ता द्वारा फरवरी माह में विशेष राजस्व वसूली एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम एवं केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत संचालित किया गया। अभियान के दौरान उड़नदस्ता टीम ने वाहनों के परमिट, फिटनेस, टैक्स, बीमा, ओवरलोडिंग सहित अन्य वैधानिक दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान 71 वाहनों से 14 हजार 600 रुपये कर एवं 2 लाख 52 हजार 500 रुपये शमन शुल्क सहित कुल 2 लाख 67 हजार 100 रुपये राजस्व प्राप्त किया गया। इसके अलावा 488 वाहनों पर 21

लाख 54 हजार रुपये का ऑनलाइन जुर्माना अधिरोपित किया गया। इस प्रकार कुल 559 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 24 लाख 21 हजार 100 रुपये की चालानी वसूली सुनिश्चित की गई।

अभियान में इनकी रही भूमिका

इस अभियान में संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी राजेंद्र साहू के नेतृत्व में परिवहन उप निरीक्षक अक्षय पटेल तथा परिवहन आरक्षक आशुतोष मोधे, पीयूष मरावी, अविनाश जायसवाल, उमाशंकर उपाध्याय, अशोक खापर्डे, सारंगधर महाले, इम्तियाज हुसैन, वंदना परतिते, निमिषा तिवारी एवं श्वेता अहिरवार की सक्रिय भूमिका रही।

जबलपुर होकर चलेगी पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर, नवभारत। रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में दक्षिण रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 06021/22 पोत्तनूर जंक्शन-बरौनी जंक्शन-पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी गाड़ी संख्या 06021 पोत्तनूर जंक्शन से बरौनी जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 02 एवं 09 मार्च को पोत्तनूर जंक्शन स्टेशन से 04:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन इटारसी दोपहर 15:10 बजे, जबलपुर शाम 18:15 बजे, सतना रात 21:45 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन दोपहर 14:00 बजे बरौनी जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06022 बरौनी जंक्शन से पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 05 एवं 12 मार्च को बरौनी जंक्शन स्टेशन से दोपहर 13:15 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन सतना प्रात: 05:25 बजे, जबलपुर 08:10 बजे, इटारसी दोपहर 14:00 बजे और तीसरे दिन रात 23:30 बजे पोत्तनूर जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी।

पार्सल ऑफिस से 15 घंटों के भीतर प्राप्त करे माल

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रेलवे प्रशासन ने माल ढुलाई और पार्सल प्रबंधन को रफ्तार देने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत इन स्टेशनों पर 15 घंटे तक माल नहीं हटा तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। दरअसल रेलवे स्टेशनों के गुड्स शेड्स व पार्सल ऑफिस में माल आने के बाद कई-कई दिन लोग उसे उठाने नहीं आते। इसकी वजह से पार्सल ऑफिस में सामान आदि रखने की जगह नहीं मिलती। इससे रेलवे

प्रशासन ने नए नियमों के तहत अब अधिसूचित स्टेशनों पर निर्धारित समय के बाद माल छोडने् पर व्यापारियों से हर्जाना लिए जाने का प्रावधान किया है।

15 घंटे में हटाना जरूरी

ट्रेन से माल उतरने के 15 घंटे के भीतर व्यापारियों ने अपना सामान स्टेशन परिसर से नहीं हटाया तो रेलवे प्रशासन को उस माल को हटाने या उसे नीलाम करने का कानूनी अधिकार मिल जाएगा। इस सूची में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, मदन महल, कटनी, सतना, इटारसी, भोपाल, कोटा आदि स्टेशन शामिल हैं।

सुधार खुले में नगर निगम के वाहन में कचरा परिवहन करने का मामला

फटकार के बाद नियम आए याद, ग्रीन नेट से ढंककर कचरे का किया परिवहन

लापरवाही बरतने की 25 फरवरी को प्रकाशित की गई थी खबर

नवभारत,जबलपुर। जब फटकार लगी तो लाइन में आ गए नगर निगम के वाहन चालक... ये मुहावरा उस वक्त सार्थक दिखता नजर आया जब रविवार को त्रिपुरी चौक के पास से प्रतिदिन की तरह कचरा लेकर जाते हुए ट्रक में नियमों के पालन करने का संदेश जनता को दिया गया। हुआ यूं कि इस बार कचरा नीले रंग की नेट से पूरी तरह ढंका हुआ था जिससे चलते वाहन से कचरा नहीं गिरा।

विदित हो कि कुछ दिन पहले नगर निगम के ट्रक क्रमांक एमपी 20 जी 6948 में कचरा पूरी तरह से खुला हुआ पड़ा था औस उसका चालक तेज रफ्तार से कचरा गिराते हुए त्रिपुरी चौक से गुजर रहा था। सड़क पर नियमों की अवहेलना के इस मामले को लेकर नवभारत ने विगत 25 फरवरी के अंक में हमें नहीं है किसी का डर, हम तो ऐसे ही परिवहन करेंगे.....के शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद स्वच्छता अधिकारी अंकिता बर्मन ने वाहन चालक की जमकर क्लास ली । इस प्रकाशन के बाद रविवार को नियम चालक को याद आए।

ग्रीन नेट से ढंककर परिवहन के हैं निर्देश

जानकारी के अनुसार नगर निगम के नए कचरा वाहनों में कवर लगे हुए हैं और कुछ पुराने वाहनों में कवर नहीं है। पुराने वाहन चालकों को निगम प्रशासन की ओर से ग्रीन नेट दी जाती है और निर्देश दिए जाते हैं कि वे कचरे को ग्रीन नेट से ढंककर कचरे का परिवहन करें।